Seventeenth Loksabha

>

Title: Need for financial assistance to Leather Industry in Dharavi, Mumbai-South Central Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): माननीय सभापति जी, सरकारी आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 महामारी की वजह से लॉकडाउन के कारण देश में विभिन्न क्षेत्रों में 10,000 से ज्यादा कंपनियों को अप्रैल, 2020 से फरवरी, 2021 तक बंद कर दिया गया । सरकारी आंकड़ों के अनुसार अधिकतम कंपनियां बंद हुईं. 2394 दिल्ली में और महाराष्ट्र में लगभग 1279 कंपनियां बंद हुईं । उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और अन्य राज्यों में बंद कंपनियों की संख्या भी महत्वपूर्ण है । ये कंपनियां लॉकडाउन के कारण बंद हुई थीं । इन कंपनियों ने स्वेच्छा से अपना कारोबार कंपनी के अधिनियम की धारा 248/2 के प्रावधान के अधीन बंद किया था ।

महाराष्ट्र राज्य में कोविड की स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई है, जिसके कारण कंपनियों के कामकाज पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है । मेरे चुनाव क्षेत्र में धारावी का इलाका आता है । धारावी में लाखों लोग रहते हैं । एशिया की सबसे बड़ी लैदर इंडस्ट्री धारावी में है ।

19.00 hrs

वहां के लोग उसके ऊपर निर्भर हैं । लेदर इंडस्ट्री के माध्यम से कई सालों से लाखों लोगों को रोजगार मिला है । वहां स्मॉल स्केल की इंडस्ट्रीज भी डेवलप हुई हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि कोविड-19 के लॉकडाउन के कारण लेदर इंडस्ट्री पर काफी बुरा असर पड़ा है । ग्राहकों की संख्या में गिरावट आने के कारण उनके पास बिजली, दुकानों के किराए आदि का भुगतान करने के लिए पैसे नहीं हैं । उसके कारण कई लाख लोग बेघर हो गए हैं । मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि लेदर इंडस्ट्री के इस क्षेत्र को विशेष आर्थिक सहायता घोषित की जाए । वे पहले से ही कोविड-19 महामारी के

कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अगर, आर्थिक सहायता दी जाएगी, तो हमारे धारावी के लोगों को सहायता मिलेगी।